# पाठ 1 संसाधन

## अभ्यास

**प्रश्न- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**(i) पृथ्वी पर संसाधन असमान रूप से क्यों वितरित हैं?**

उत्तर- प्राकृतिक संसाधन का वितरण भूभाग, जलवायु, ऊचाई जैसे अनेक भौतिक कारको पर निर्भर करते हैं| पृथ्वी पर इन कारको में विभिन्नता होने के कारण संसाधनो का वितरण असमान हैं|

**(ii) संसाधन संरक्षण क्या हैं?**

उत्तर- संसाधनो का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरण के लिए समय देना , संसाधन संरक्षण कहलाता है|

**(iii) मानव संसाधन महत्वपूर्ण क्यों हैं?**

उत्तर- मानव संसाधन महत्वपूर्ण इसलिए है क्योकि मनुष्य की योग्ताए ही भौतिक पदर्थो को मूल्यवान संसाधन बनाने में सहायता करती हैं|

**(iv) सततपोषणीया विकास क्या है?**

उत्तर- संसाधनो का उपयोग करने की आवश्कता और भविष्य के लिए उनके संरक्षण में संतुलन बनाए रखना सततपोषणीय विकास कहलाता हैं|

**प्रश्न-2 सही उत्तर पर निशान लगाईए -**

**(i) निम्नलिखित में से कौन संसाधन को निर्धारित नही करता ?**

(क) उपयोगिता (ख) मूल्य (ग) मात्रा

**(ii) निम्नलिखित में से कौन सा मानव निर्मित संसाधन है?**

(क) कैंसर उपचार की औषधियाँ (ख) झरने का जल (ग) उष्णकटिबंधीय वन

**(iii) कथन पूरा कीजिए-**

**जैव संसाधन __________ होते है|**

(क) जीव जन्तुओं से व्युत्पन्न (ख) मनुष्यों द्वारा निर्मित (ग) निर्जीव वस्तुओ से व्युत्पन्न

उत्तर- (i) (ग), (ii) (क), (iii) (क)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में भेद कीजिए :**

**(i) संभाव्य और वास्तविक संसाधन**

उत्तर-

| संभाव्य संसाधन | वास्तविक संसाधन |
|---|---|
| (i) वे संसाधन जिनकी पूरी मात्रा ज्ञान नहीं हो सकता है | | (i) इन संसाधनो की मात्रा ज्ञान होता है | |

| | |
|---|---|
| (ii) इस समय इनका प्रयोग नही किया जा रहा है परंतु भविष्य में इसका उपयोग किया जा सकता है\| | (ii) इन संसाधनो का इस समय उपयोग किया जाता है । |

**(ii) सर्वव्यापक और स्थानीय संसाधन**

उत्तर-

| **सर्वव्यापक संसाधन** | **स्थानीय संसाधन** |
|---|---|
| वे संसाधन जो सभी जगह पाए जाते है सर्वव्यापक संसाधन कहलाता है\| उदहारण के लिए ,वायु ,सूर्य की रोशनी आदि\| | वे संसाधन जो कुछ निशिचत स्थानों पर ही पाए जाते है, स्थानीक संसाधन कहलाते है\| उदहारण के लिए ,ताँबा ,लौहा-अयस्क आदि\| |

## अतिरिक्त प्रशोत्तर

**प्रश्न 1 विश्व में कहाँ पर पवन चक्की के प्रयोग से ऊर्जा उत्पन्न की जाती है?**

उत्तर- नीदरलैण्ड ।

**प्रश्न 2 मानव संसाधन विकास से से आप क्या समझाते है?**

उत्तर- अधिक स्त्सधनो के निर्माण में समर्थ होने के लिए लोगो के कौशल में सुधार करना मानव संसाधन विकास कहलाता है|

**प्रश्न 3 संसाधन संरक्षण के कोइ दो उपाए बताईए ।**

उत्तर- (i) प्रत्येक व्यक्ति द्वारा संसाधन का उपयोग आवश्कतानुसार करके ।

(ii) संसाधनो के पुन: चक्रण द्वारा ।

(iii) संसाधनो को पुनः उपयोग करके ।

**प्रश्न 4 प्रौघौगिकी द्वारा किस प्रकार एक वस्तु को महत्वपूर्ण संसाधन बनाया जाता है?**

उत्तर- जलविधुत बनाने की प्रौघौगिकी ने तेजी से बहते जल से ऊर्जा उत्पन्न करके ,उसे एक महत्वपूर्ण संसाधन बना दिया है|

**प्रश्न 5 भारत के कौई दो कौई दो क्षेत्र बताईए जहाँ पर पवन फार्म स्थापित किए गए है?**

उत्तर- (i) तमिलनाडु के नगरकोईल (ii) गुजरात के तट ।

**प्रश्न 6 परितंत्र की संरक्षा हेतु हमारा क्या कर्त्तव्य है?**

उत्तर- (i) सभी नाविकरणीय संसाधनो का उपयोग सततपोष्णीय हो ।

(ii) पृथ्वी पर जीवन की विविधता संरक्षित की जाए ।

(iii) प्राकृतिक पर्यवरनीय तंत्र की हानि को कम से कम किया जाए ।

**प्रश्न 7 वास्तविक व संभव्य संसाधनो के दो दो उदहारण दीजिए |**

उत्तर- **वास्तविक संसाधन -**

(i) जर्मनी के रूप प्रदेश में कोयला |

(ii) पश्चिमी एशिया में खनिज तेल |

(iii) महाराष्ट्र में दक्कन पठार की कलि मिट्टी |

**संभाव्य संसाधन -** लद्दाख में पाया गया युरेनियम एक संभाव्य संसाधन है जिसका उपयोग भविष्य में किया जा सकता है |

**प्रश्न 8 सामान्यत: संसाधनो को किस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है ?**

उत्तर- (i) प्राकृतिक संसाधन (ii) मानव निओर्मित संसाधन ,(iii) मानव संसाधन |

**प्रश्न 9 प्राकृतिक संसाधन क्या है? उदहारण सहित बताईए |**

उत्तर- जो संसाधन प्र कृतिक से प्राप्त होते है और अधिक संशोधन के बिना उपयोग में लाए जाते है ,वे प्राकृतिक संसाधन कहलाते है| उदहारण के लिए वायु, जल, और मृदा |

**प्रश्न 10 नवीकरणीय व अनविकरणीय संसाधन में अंतर बताईए -**

उत्तर-

| **नाविकरणीय संसाधन** | **अनविकरणीय संसाधन** |
|---|---|
| नवीकरणीय संसाधन शीघ्रता से नवीकृत अथवा  पुनः पूरित हो जाते है जैसे , सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा | | अनविकरणीय संसाधनो का भंडार , सीमित है| भंडार के एक बार समाप्त हो जाने के बाद उनके नवीकृत अथवा पुनः पूरित होने में हजारो वर्ष लग सकते है| उदहारण के लिए ,कोयला , पेट्रोलियम | |